भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
12.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2179 का उत्तर

राजस्थान में रेल विकास

2179. श्री अमरा राम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान में स्वीकृत रेल विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है और उनमें कितनी प्रगति हुई है और उक्त कार्य कब तक पूरे होने की संभावना है; और

(ख) सीकर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में उन स्वीकृत कार्यों का ब्यौरा क्या है, जो अभी तक पूरे नहीं हुए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): रेलवे परियोजनाओं का सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन राज्य-वार/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार नहीं बल्कि क्षेत्रीय रेल-वार किया जाता है, क्योंकि रेल परियोजनाएँ राज्य की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं। रेल परियोजनाओं को लाभप्रदता, अंतिम स्थान तक संपर्क, अनुपलब्ध कड़ियों एवं वैकल्पिक मार्गों, भीड़/संतृप्त लाइनों का संवर्धन, राज्य सरकारों, केन्द्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई मांगों, रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताओं, सामाजिक-आर्थिक महत्व आदि के आधार पर शुरू किया जाता है जो चालू परियोजनाओं की देयताओं व धन की समग्र उपलब्धता पर निर्भर करता है।

राजस्थान राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली रेल अवसंरचना परियोजनाएं भारतीय रेल के उत्तर पश्चिम रेलवे, उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे जोनों के अंतर्गत आती है। रेल परियोजनाओं की लागत, व्यय और परिव्यय सहित क्षेत्रीय रेल-वार विवरण, भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है।

01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, सीकर सहित राजस्थान राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली 51,814 करोड़ रुपए की लागत वाली कुल 4,191 किलोमीटर लंबाई की 32 रेल परियोजनाएं (15 नई लाइनें, 05 आमान परिवर्तन और 12 दोहरीकरण) हैं, जो योजना/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में है, जिनमें से 1,183 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च 2024 तक 14,785 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है। कार्य की स्थिति संक्षेप में निम्नानुसार है:-

| श्रेणी | परियोजनाओं की संख्या | कुल लंबाई (में .किमी) | कमीशन की गई लंबाई (में .किमी) | मार्च 2024 तक व्यय (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| नई लाइन | 15 | 1230 | 134 | 3593 |
| आमान परिवर्तन | 5 | 1252 | 759 | 5398 |
| दोहरीकरण/मल्टीट्रैकिंग | 12 | 1709 | 290 | 5794 |
| कुल | 32 | 4,191 | 1,183 | 14,785 |

राजस्थान राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली अवसंरचनात्मक और संरक्षा कार्यों हेतु वार्षिक बजट आबंटन निम्नानुसार हैः-

| अवधि | परिव्यय |
|---|---|
| 2009-14 | 682 करोड़ रु. प्रति वर्ष |
| 2024-25 | 9,959 करोड़ रु. (लगभग 15 गुना) |

वर्ष 2009-14 और 2014-24 के दौरान राजस्थान राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाले नए ट्रैक के कमीशनिंग/बिछाने का विवरण निम्नानुसार है:-

| अवधि | कमीशन किए गए नए रेल पथ | कमीशनिंग किए गए नए रेलपथों का औसत |
|---|---|---|
| 2009-14 | 798 किलोमीटर | 159.6 किलोमीटर/वर्ष |
| 2014-24 | 3,742 किलोमीटर | 374.2 किलोमीटर/वर्ष (2 गुना से अधिक) |

राजस्थान के सीकर क्षेत्र में 254.06 करोड़ रुपए की लागत से रींगस-खाटूश्यामजी (17.49 कि.मी.) नई लाइन कार्य को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, खाटूश्यामजी-सालासरजी-सुजानगढ़ नई लाइन (45 कि.मी.) और रींगस-सीकर-लोहारू दोहरीकरण (172 कि.मी.) के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी दी गई।

किसी भी परियोजना का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के प्राधिकारियों द्वारा वन संबंधी मंजूरी, लागत में हिस्सेदारी वाली परियोजनाओं में राज्य सरकार द्वारा लागत हिस्से की राशि को जमा करना, परियोजनाओं की प्राथमिकता, बाधक जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु स्थिति के कारण परियोजना विशेष के स्थान के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या, आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

******